हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 12 मार्च 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

2 मिठाई दुकान व दूध विक्रय केन्द्रों से लिए सैंपल



## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय पैरा कबड्डी के लिए पंजीयन 15 तक

**अम्बिकापुर।** राजधानी रायपुर स्थित प्रगति क्लब कबड्डी मैदान में दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए द्वितीय राज्यस्तरीय पैरा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता दिव्यांग खिलाड़ियों हेतु एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करती है, जहाँ वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को 40 से 50 प्रतिशत दिव्यांगता प्रमाणपत्र होना आवश्यक है। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 15 मार्च निर्धारित की गई है। इच्छुक प्रतिभागी निर्धारित तिथि से पहले अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

### वाहन की टक्कर से गंभीर वृद्धा घायल, उपचार जारी

**सोनगरा।** भोजन कर घर के सामने दुकान में सोने जा रही वृद्धा को विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी।सोनगरा सारसताल मार्ग निवासी विमला सोनी आ. स्व. राम नारायण सोनी (75 वर्ष) घर में भोजन करने के पश्चात सड़क के दूसरी ओर अपनी दुकान में सोने के लिए जा रही थी। जैसे ही वृद्धा सड़क पार करने लगी तभी विपरीत दिशा से आ रहे वाहन क्रमांक सीजी 15 सीएम 7649 का चालक बंशीपुर निवासी सोमार साय आ. देवसाय (22 वर्ष) लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन वृद्धा शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां वृद्धा की हालत गंभीर होने पर आईसीयू में दाखिल किया गया। आज वृद्धा के स्वास्थ्य में सुधार होने पर आईसीयू से निकाल वार्ड में भर्ती कराया गया है जहां उपचार चल रहा है। घटना की रिपोर्ट परिजन ने थाने में दर्ज कराई।

### विवाहिता ने की आत्महत्या परिजन ने लगाया आरोप

**बतौली/ सेदम।** फांसी लगाने से विवाहिता की मौत हो जाने के मामले में परिजन ने पति द्वारा हत्या करने का आरोप लगाया है। परिजन ने आईजी को ज्ञापन सौंप मामले की जांच कर दोषी के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग है। आईजी को सौंपे ज्ञापन में परिजन ने बताया है कि बतौली थाना के दुरस्त पहाड़ी कोरवा क्षेत्र चिपरकाया भूड़आमा में शराब के नशे में धूत पहाड़ी कोरवा तेजराम द्वारा अपनी 20 वर्षीय पत्नी दुर्गावती का हत्या कर दिया और उसके बाद बतौली पुलिस को गुमराह करते हुए पत्नी दुर्गावती फांसी लगा लेने की बात बताई। मृतिका के पिता का आरोप है कि इस मामले में पुलिस द्वारा सही से जांच नहीं कर रहे है। मृतिका के पिता कुंवर साय पहाड़ी कोरवा आ.मानसाय पहाड़ी कोरवा आईजी को ज्ञापन सौंप मामले की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### वाहन की टक्कर से ग्रामीण की मौत, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** राजपुर पुलिस ने सड़क दुर्घटना में ग्रामीण की मौत के मामले में अपराध दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 8 मार्च को ग्राम सेवारी निवासी रतु कोरवा अपनी पत्नी कुंती और दो बच्चियों के साथ घर से बस्ती की तरफ जा रहे थे। इस दौरान देर शाम 7 बजे अज्ञात वाहन के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ग्रामीणों को टक्कर मार दी। इस घटना में रतु कोरवा की मौत हो गई जबकि 3 वर्षीया बच्ची रंजती को चोट आई है। बच्ची को उपचार के लिए राजपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में मृतक के पोते मघिम कोरवा आ. स्व. लेबदू ने पुलिस से शिकायत की। शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 106(1), 125(ए), 281 के तहत अपराध दर्ज किया है।



रमज़ान मुबारक

ग्यारहवां रोज़ा

आज का इफ्तार - 6.09 बजे

कल की सेहरी - 4.44 बजे

## मिली थी 877 लाख की स्वीकृति, ओड़गी-बिलासपुर के मध्य होना है निर्माण

# राशि स्वीकृत होने के एक साल बाद भी नहीं बन पाई सड़क व पुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- अनुबंध के बाद समाप्त हुई कार्य अवधी

दूरस्थ क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन द्वारा स्वीकृत की गई राशि के बाद भी आदिवासी अंचल के लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। शासन द्वारा बेहतर आवागमन के साधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सड़क व पुल निर्माण हेतु राशि तो प्रदान कर दी लेकिन ठेकेदार और अधिकारियों की लापरवाही से सड़क और पुल निर्माण का काम अब तक पूर्ण नहीं हो पाया है। निर्माण आधा अधूरा बंद पड़ा है। आलम यह है कि सडक और पुल निर्माण की समय सीमा तक समाप्त हो गई है लेकिन ठेकेदार अब तक एक स्पान तक खड़ा नहीं कर पाया है। इतना ही नहीं निर्माण के दौरान डायवर्सन सड़क नहीं बनाए जाने से ग्रामीणों की मुसीबत और बढ़ गई है और उन्हें खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

हम बात कर रहे है सूरजपुर जिले के ओड़गी विकासखंड के दूरस्थ क्षेत्र बिलासपुर की। ओडगी से बिलासपुर मार्ग के बीच मौजूद रेण नदी पर आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन द्वारा सडक और पुल निर्माण की स्वीकृति प्रदान की थी। बिलासपुर-ओड़गी मार्ग पर उच्च स्तरीय पुल व पहुंच मार्ग निर्माण हेतु शासन से 28 सितम्बर 2022 को 1046.58 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिली थी। इस स्वीकृति के बाद सेतु निगम द्वारा टेंडर जारी किया गया और टेंडर के आधार पर कोरबा के ठेकेदार को 877 लाख रूपए की लागत से पुल व सड़क निर्माण का टेंडर दिया गया था। निर्माण हेतु 4 मई 2023 को अनुबंध करने के साथ ही कार्य शुरू किया गया। अनुबंध के तहत इस सड़क और पुल निर्माण का कार्य 3 अगस्त 2024 को पूर्ण होना था लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि अब तक सड़क और पुल निर्माण का काम अधूरा है। आलम यह है कि अब तक नदी पर पुल निर्माण के लिए स्पान तक खड़े नहीं किए जा सके है। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा मनमाने ढंग से काम किया जाता है और विभाग के अधिकारी भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। काम चालु रखने की खाना पूर्ति करने के लिए ठेकेदार द्वारा कभी कभार एक दो घंटे काम कराया जाता है और फिर काम बंद हो जाता है। वर्तमान में भी सड़क और पुल निर्माण का काम बंद पड़ा हुआ है। ऐसे में निर्माण कार्य अगले दो सालों में भी पूर्ण हो पाएगा इसे लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है।



निर्माणाधीन पुल।



डायवर्सन मार्ग।

### डायवर्सन मार्ग नहीं बनाया गया

नियमतः मुख्य मार्ग के सड़क और पुल निर्माण के लिए ठेकेदार को डायवर्सन मार्ग बनाना होता है। इस डायवर्सन मार्ग से ही लोग आसानी से आवागमन करते है। इससे लोगों को भी परेशानी नहीं होती और निर्माण कार्य भी नियमित रूप से चलता रहता है लेकिन ठेकेदार द्वारा सड़क और पुल निर्माण के लिए डायवर्सन मार्ग का भी निर्माण नहीं किया गया है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पिछले साल बारिश के दौरान आवागमन के लिए मार्ग पर रपटा का निर्माण किया भी गया था लेकिन इस बार रपटा का भी निर्माण नहीं किया गया है। ऐसे में लगभग 35 से 40 गांव के लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों को अपनी मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति के लिए भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।

### 240 मीटर लम्बा पुल

ओड़गी-बिलासपुर के बीच जिस पुल का निर्माण किया जा रहा है उसकी लम्बाई 240 मीटर है। इस पुल पर कुल 9 नग पीयर और 10 नग स्लैब बनने है। प्रत्येक स्लैब की लम्बाई 24 मीटर है। इसके साथ ही मार्ग पर बिलासपुर की ओर से 252.50 मीटर व ओड़गी की ओर से 196.50 मीटर लम्बी सडक का निर्माण होना है। मार्ग पर कुल 449 मीटर लंबी सड़क बननी है लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि समय सीमा समाप्त होने के बाद भी अब तक सड़क और पुल निर्माण का काम 50 प्रतिशत भी पूर्ण नहीं हो पाया है। वहीं विभाग से जुड़े अधिकारी भी सड़क निर्माण को गंभीरता से नहीं ले रहे है।

### बारिश में बंद हो जाता है आवगमन

ओडगी से बिलासपुर मार्ग पर बीच में पड़ने वाली जिस रेण नदी पर पुल निर्माण का कार्य चल रहा है वहां बारिश के समय आवागमन पूर्ण रूप से बंद हो जाता है। बिलासपुर से लगे मांडर और भकुरा दो बड़े ग्राम पंचायत के साथ ही लगभग 40 गांव बारिश के समय पहुंचविहीन हो जाते है और भकुरा क्षेत्र के लोगों को बारिश के समय विकासखंड मुख्यालय जाने के लिए भैयाथान से होकर जाना पड़ता है लेकिन इससे दूरी 35 किलो मीटर तक बढ़ जाती है। हैरानी की बात तो यह है कि पहुंचविहीनता का दंश झेल रहे इन ग्रामीणों की समस्याओं पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है और राशि स्वीकृत होने के बाद भी काम नहीं हो पा रहा है। अब वर्तमान में चार महीने का समय है इसके बाद फिर से जुलाई में बारिश शुरू हो जाएगी और काम बंद हो जाएगा जिससे लोगों की परेशानी दो गुना बढ़ जाएगी।

### की जाएगी पहल

मामले को संज्ञान में लेकर संबंधित अधिकारियों से बात की जाएगी और पुल निर्माण में तेजी के साथ ही समस्या का निराकरण भी कराया जाएगा।

-सागर सिंह
एसडीएम

# स्कूटी चोरी करते पकड़ा गया युवक, मिली तालिबानी सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- हाथ पैर बांधकर लोगों ने की पिटाई, वीडियो वायरल, जांच में जुटी पुलिस

शहर में चोरी के करते पकड़े गए युवक को तालिबानी सजा दिए जाने का मामला सामने आया है। कथित रूप से स्कूटी करते पकड़े गए युवक को तुलसी चौक में लोगों ने हाथ पैर बांध पर उसकी बेदम पिटाई की। अब इस घटना से जुड़ा वीडियो भी वायरल हो रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा युवक को हिरासत में लेने के साथ ही उसका डॉक्टरी मुलाहिजा कराया है इसके साथ ही मामले की जांच चल रही है। हालांकी जिस युवक की लोगों ने पिटाई की वह आदतन बदमाश है और पूर्व में भी कई चोरियों के मामले में शामिल रह चुका है।

बताया जा रहा है कि मंगलवार को शहर के गांधीनगर थाना अंतर्गत गंगापुर तुलसी चौक के लोगों ने एक युवक को स्कूटी चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा जबकि उसका एक साथी भाग निकला। चोरी करते हुए युवक के पकड़ में आते ही लोगों का आक्रोश भड़क उठा। स्थानीय लोगों ने संदेही युवक को पुलिस के सुपुर्द करने के बजाए खुद ही सजा देने का निर्णय ले लिया और फिर तालिबानी सजा का सिलसिला शुरू हो गया।



स्थानीय लोगों ने चोरी के आरोप में पकड़े गए युवक के हाथ पैर बांध दिए और उसकी जमकर पिटाई कर दी। स्थानीय लोगों ने घंटों युवक को बंधक बनाकर रखा और उसके साथ मारपीट करते रहे। इस दौरान लोगों ने उसका वीडियो भी बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा युवक को हिरासत में लिया गया है। युवक की पहचान पटपरिया निवासी 32 वर्षीय प्रकाश दुबे आ. मणि दुबे के रूप में की गई है। फिलहाल पुलिस द्वारा युवक का डॉक्टरी मुलाहिजा कराया गया है और युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इसके साथ ही पुलिस द्वारा इस घटना की जांच भी शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा है कि युवक आदतन बदमाश है और पूर्व में भी इसके खिलाफ चोरी और मारपीट के मामले दर्ज है।

### सीसीटीवी में कैद हुई घटना

तुलसी चौक में युवक के हाथ पैर बांधकर पिटाई करने के मामले में एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है जिसमें प्रकाश दुबे अपने एक साथी के साथ स्कूटी चोरी करने का प्रयास करता नजर आ रहा है। स्थानीय लोगों द्वारा पकड़े जाने पर प्रकाश दुबे का साथी भाग निकला जबकि युवक पकड़ा गया। यही वजह है कि लोगों ने युवक की बेदम पिटाई कर दी लेकिन इस तरह खुद ही कानून को हाथ में लेने को लेकर पुलिस प्रशासन अब मार पीट करने वालों की पहचान कर उनपर भी कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है।

### की जाएगी कार्रवाई

घटना की जानकारी मिली है। युवक को मुलाहिजा कराया गया है और मामले की जांच चल रही है। कानून व्यवस्था को हाथ में लेना भी गलत है और ऐसे लोगों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

-अमोलक सिंह ढिल्लो
एएसपी

# हर साल बढ़ रही हर्बल गुलाल की डिमांड, इस बार 45 क्विंटल का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- समूह की महिलाएं कर रही फूलों के रस से गुलाल का निर्माण

रंगो का त्यौहार होली मानाने को लेकर अब लोगों का झुकाव एक बार फिर से प्राकृतिक रंगों की ओर बढ़ा है। विगत कुछ वर्षों में फूल, पत्तियों व फल के रसों से बनाए जा रहे रंगों की मांग में वृद्धि हुई है। यही वही है कि इस बार समूह की महिलाओं द्वारा 30 क्विंटल से अधिक प्राकृतिक रंगों का निर्माण किया जा रहा है और उत्पादन को लेकर इनमें खासा उत्साह भी देखते को मिल रहा है।

दरअसल रंगों का त्यौहार होली में लोगों को हानिकारक रंगों से मुक्ति दिलाने के लिए समूह डिगमा स्थित राधा कृष्ण समूह की महिलाओं द्वारा प्राकृतिक रंगों के निर्माण का कार्य शुरू किया गया था। वर्ष 2021 से सरगुजा में हर्बल गुलाल बनाने का काम चल रहा है। इस शुरुआत में समूह की महिलाओं ने महज 2 क्विंटल गुलाल का निर्माण किया



लेकिन पहले ही वर्ष में उन्हें काफी अच्छा प्रतिसाद मिला जिसके बाद समूह की इन महिलाओं का हौसला बुलंद हुआ। महिलाओं द्वारा स्वयं ही अपने घरों के आस पास फल, फूलों की खेती की गई और बड़े पैमाने पर खेती कर फल व फूलों से रंग तैयार करने का काम शुरू किया गया। यह वजह है कि वर्ष 2022 में समूह की महिलाओं द्वारा 6 क्विंटल गुलाल का निर्माण किया गया जबकि 2023 में उत्पदान क्षमता बढ़कर 22 क्विंटल तक पहुंच गई। जबकि 2024 लगभग 40 क्विंटल हर्बल गुलाल की बिक्री हुई थी। यही वजह है कि इस बार समूह की महिलाओं द्वारा 45 क्विंटल हर्बल गुलाल बनाने का लक्ष्य रखकर काम किया जा रहा है। महिलाओं का कहना है कि बाजार में मिलने वाले गुलाल में हानिकारक रंगों का मिश्रण होता है जो होली खेलने के दौरान लोगों की त्वचा को सीधे तौर पर नुकसान पहुंचाता है। रसायन मिले गुलाल व रंगों के कारण खुजली, जलन जैसे अनेकों समस्याएं होती है यही वजह है कि लोगों का रुझान भी हर्बल गुलाल की ओर बढ़ा है और लोग प्राकृतिक फूल, पत्तियों व फलों के रसों से बने गुलाल व रंगों को तरजीह दे रहे है। हर्बल गुलाल की मांग बढ़ने के साथ ही उत्पादन में भी वृद्धि आई है इसका फायदा समूह के माध्यम से काम करने वाली महिलाओं को मिल रहा है।

### अरारोट व फूलों के रस का मिश्रण

समूह की महिलाओं का कहना है कि प्राकृतिक रंग का निर्माण गेंदा, गुलाब के फूल, चुकंदर, हरी भाजी, नीलकंठ, सिंदूरी फल, पलाश के फूल के माध्यम से किया जाता है। प्रक्रिया के तहत पहले फूलों की पंखुड़ियों को पानी में डालकर उबाल लिया जाता है। जब पानी आधा हो जाए तो उसे छानकर रख लिया जाता है। गुलाल बनाने के लिए खाने में उपयोग होने वाले अरारोट के पाउडर में मिलाया जाता है और फिर सुखाया जाता है। सूख जाने के बाद पीसकर चिकना किया जाता है और फिर पैकिंग कर बाजार में बेचा जाता है। खुशबू के लिए इसमें इत्र का भी प्रयोग समूह की महिलाएं कर रही है। समूह की महिलाओं द्वारा घड़ी चौक पर अपना एक स्टाल भी लगाया गया है जिसमें महिलाओं द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल की जमकर बिक्री हो रही है।

### कार की टक्कर से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** प्रतीक्षा बस स्टैंड के समीप कार की टक्कर से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार झारखंड के तरहसी पलामू निवासी सुरेन्द्र साय 50 वर्ष, वर्तमान में दर्रीपारा में रहता था। कुछ दिन पहले गौरव पथ बस स्टैंड मार्ग निजी अस्पताल के समीप अज्ञात कार के चालक टक्कर मार दी जिससे ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# सड़क किनारे खेल रहे बच्चे को ट्रक ने कुचला, मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- उदयपुर के ग्राम रिखी में हुई घटना, ग्रामीणों में रोष

सोमवार को जिले के उदयपुर क्षेत्र के ग्राम रिखी में तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर मासूम की मौत हो गई। सड़क किनारे खेल रहे बच्चे को ट्रक चालक ने कुचल दिया। बच्चे के पैर पर ट्रक का पहिया चढ़ गया। इस घटना में बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। सुबह सुबह हुई इस घटना के बाद क्षेत्र में हडकंप मच गया। घटना के बाद परिजन में मातम का माहौल है। मामले में पुलिस द्वारा ट्रक को जब्त करने के साथ ही चालक व परिचालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

बताया जा रहा है कि जिले के मणिपुर थाना अंतर्गत ग्राम सुखरी निवासी 6 वर्षीय राजेश हरिजन आ. शिवनंदन 10 मार्च को ही अपने नाना नानी के घर उदयपुर के ग्राम रिखी गया हुआ था। बालक मंगलवार की सुबह 9 से 10 बजे के बीच घर के बाहर सड़क किनारे तगाड़ी में गिट्टी बीन रहा था। इसी दौरान रायपुर से किराना सामान लेकर सूरजपुर की ओर जा रहे ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 5023 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए



बच्चे को अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में ट्रक का पहिया बच्चे के पैर व शरीर के अन्य अंगों को कुचलते हुए निकल गया। इस घटना में बालक की मौके पर ही मौत हो गई जिसके बाद लोगों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया गया है इसके साथ ही चालक परिचालक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी गई है। इस घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में आक्रोश का माहौल है जबकि परिजन सदमें में है। नानी के घर छुट्टी मनाने आए बच्चे की मौत के बाद माता-पिता का रो रोकर बुरा हाल है।

## 10 वर्षों से फरार चल रहा था आरोपी, झारखंड से पकड़ा गया

# 250 एकड़ शासकीय भूमि को अपने नाम कर बेचा, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर ढाई सौ एकड़ भूमि की बिक्री करने के मामले में दस वर्षों से फरार चल रहे आरोपी को पकड़ने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। बलरामपुर जिले की रामानुजगंज पुलिस ने आरोपी को झारखंड के गढवा से पकड़ा है। आरोपी ने छोटे झाड के जंगल मद में दर्ज भूमि को कोल माइनिंग कम्पनी को बेच दिया था। प्रकरण का खुलासा होने के बाद आरोपी 2015 से फरार चल रहा था।

बता दें कि 18 जुलाई 2015 को तत्कालीन नायब तहसीलदार कुंजीलाल सिंह ने बलरामपुर जिले के रामानुजगंज थाना में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि क्षेत्र के ग्राम इन्दरपुर में लगभग 250 एकड़ शासकीय भूमि को आरोपी व्यासमुनी यादव, लालजी यादव द्वारा अपने एनी सहयोगियों के साथ मिलकर बिक्री की गई। आरोपियों ने राजस्व निरीक्षक मंडल रामचंद्रपुर पटवारी हल्का नम्बर 18 के मिशल बन्दोबस्त वर्ष 1996-97 के शासकीय भूमि मद छोटे झाड के जंगल मद में दर्ज खसरा नम्बर 22 के रकबा



250 एकड़ भूमि को सड़यंत्र पूर्वक फर्जी तरीके से अपने नाम पर दर्ज कराया गया। इसके साथ ही आरोपियों ने शासकीय भूमि को कोल माइनिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड को बिक्री कर दिया था। मामला संज्ञान में आने के बाद अपर आयुक्त राजस्व सरगुजा व अपर कलेक्टर रामानुजगंज द्वारा संयुक्त रूप से मामले की जांच की गई। जांच में गड़बड़ी सामने आने के बाद नायब तहसीलदार द्वारा मामले की शिकायत पुलिस से की गई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले में भादवि की धारा 420,467,468,471,120 (बी), 34 के तहत अपराध दर्ज किया गया था। मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की गई थी जबकि प्रकरण में आरोपी मोहम्मद याकूब फरार चल रहा था। हाल ही में एसपी वैभव बैंकर ने लंबित अपराधों की समीक्षा करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि वर्ष 2015 से फरार चल रहा आरोपी अपने घर आया हुआ है जिसके बाद एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, एसडीओपी याकूब मेमन के नेतृतव में पुलिस टीम झारखण्ड रवाना हुई थी। टीम ने झारखंड के गढवा इराकी मोहल्ला में घेराबंदी कर 50 वर्षीय मोहम्मद याकूब आ. स्व. वाली को हिरासत में लिया। पुलिस आरोपी को लेकर छत्तीसगढ़ आई और पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने व्यासमुनी व एनी लोगों के साथ मिलकर जाली दस्तावेजों के आधार पर 250 एकड़ भूमि बेचने का आरोप स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रामानुजगंज रमाकांत तिवारी, उनि गजपति मिरें, सउनि अश्वनी सिंह, प्रधान आरक्षक मायापति सिंह, नारायण तिवारी, आरक्षक नागेश्वर, जगमोहन तिर्की सक्रिय रहे।

11-Ambikapur-Bhoomi pg 2_Layout 1 3/11/2025 9:01 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### आकर्षक आजीविका होली गिफ्ट हैंपर तैयार

**अनूपपुर।** स्व सहायता समूहों द्वारा रंगो के पर्व होली के अवसर पर आकर्षक गिफ्ट हैंपर तैयार किया गया है, जो कि कलेक्ट्रेट परिसर अनूपपुर में आजीविका आउटलेट पर उपलब्ध है। कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिपं तन्मय वशिष्ठ शर्मा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में स्व सहायता समूहों के उत्पादों को लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य के साथ गिफ्ट हैंपर तैयार किया गया है।

### थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**बिजुरी।** होली का त्यौहार बिना किसी भेद-भाव एवं विवादों के थानाक्षेत्र में शांति पूर्वक संपन्न हो सके, इसके लिए थाना प्रभारी बिजुरी द्वारा थाना परिसर में 10 मार्च को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर के जनप्रतिनिधि, गणमान्यजन, राजनैतिक दल, समाजसेवी, पत्रकारबंधु एवं आम नागरिकों को आमंत्रित किया गया। बैठक के दौरान नगर निरीक्षक विकास सिंह ने सभी से शांति पूर्वक होली का त्यौहार मनाने की अपील की।

### 63 आवेदन पत्रों में की सुनवाई

**अनूपपुर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में संपन्न हुई। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 63 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, एसडीएम अनूपपुर सुधाकर सिंह बघेल, तहसीलदार अनूपपुर अनुपम पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों ने आवेदकों की समस्याएं सुनी।

### ई-जीपीएफ अंतिम भुगतान के लिए प्रशिक्षण

**अनूपपुर।** आईएफएमआईएस साफ्टवेयर पर ई-सामान्य भविष्य निधि (ई-जीपीएफ) अंतिम भुगतान की नवीन ऑनलाईन व्यवस्था के संबंध में कलेक्ट्रेट भवन के ई-कक्ष केन्द्र में जिला कोषालय अधिकारी बीएल प्रजापति एवं सहायक कोषालय अधिकारी अजीत शर्मा द्वारा 72 कार्यालयों के डीडीओ एवं शाखा प्रभारियों को दो पाली में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों को ई-जीपीएफ के कार्य प्रणाली एवं बारीकियों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

### स्वास्थ्य सेवाओं में एमसीबी प्रथम स्थान पर

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस का सफल संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को ग्रामीण आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से नियमित टीकाकरण सहित गर्भवती और शिशुवती महिलाओं को स्वास्थ्य, प्रजनन, मातृ, नवजात, बाल और किशोर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इसके साथ ही संचारी और गैर-संचारी रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा परामर्श सेवाओं का लाभ ग्रामीणों को दिया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम पूरे छग में प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है, इसमें जिला एमसीबी लगातार प्रथम स्थान पर बना हुआ है। जिले में इस कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे और जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. पुष्पेन्द्र कुमार सोनी के नेतृत्व में मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को समय-समय पर प्रशिक्षण और दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। जिले में इस योजना की सतत निगरानी जिला नोडल अधिकारी अवनीश पाण्डेय द्वारा की जा रही है, जिससे व्हीएचएसएनडी कार्यक्रम को उच्चतम स्तर तक पहुंचाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के समर्पित प्रयासों से एमसीबी जिला छग में इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन में अग्रणी बना हुआ है।

## होली को लेकर खाद्य सुरक्षा टीम ने की जांच

# मिठाई दुकान व दूध विक्रय केन्द्रों से लिए सैंपल







**बैकुण्ठपुर।** होली पर्व को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम के लिए जिलेभर में निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान मिठाई दुकानों और दुग्ध विक्रय केन्द्रों से सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में टीम ने विभिन्न बाजारों में पहुंचकर मिठाई, मावा, दूध और अन्य खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता की जांच की। कई दुकानों में संदिग्ध खाद्य सामग्री मिलने पर सैंपल लिए गए और उन्हें लैब में परीक्षण के लिए भेजा गया है। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में होली के मद्देनजर मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। इस दौरान नकली खोवा, मिलावटी मावा, दूध, पनीर और अन्य खाद्य उत्पादों की आपूर्ति की आशंका को देखते हुए निरीक्षण अभियान तेज कर दिया गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छग के नियंत्रण में हो रही इस कार्रवाई के तहत मिलावटी और गुणवत्ताहीन मिठाइयों की बिक्री रोकने के लिए कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता के नेतृत्व में जांच टीम ने मेसर्स बिज्जू मिष्ठान भंडार, बरबसपुर से खोवा और दूध, मेसर्स केरला कॉफी हाउस गोदरीपारा, चिरमिरी से मिठाई पेड़ा और आनंद डेयरी, बड़ा बाजार चिरमिरी से पनीर के नमूने जब्त किए हैं।

### मिलावटखोरी पर विशेष नजर

होली पर्व पर मिठाइयों, दूध, मावा और तेल की मांग बढ़ जाती है, जिससे मिलावट की संभावना भी बढ़ जाती है। इसे ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने विशेष अभियान शुरू किया है। अधिकारियों ने आम जनता से भी अपील की है कि वे सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध खाद्य सामग्री की सूचना विभाग को दें।

### जांच अभियान जारी रहेगा

अधिकारियों ने दुकानदारों को साफ-सफाई और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने की सख्त हिदायत दी है। मिलावट पाए जाने पर संबंधित व्यापारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि होली तक नियमित रूप से औचक निरीक्षण किए जाएंगे और मिलावटखोरों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

# जिला पंचायत कोरिया का प्रथम सम्मिलन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

■ आगामी कार्य योजनाओं पर होगी चर्चा




जिला पंचायत के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के कार्यभार ग्रहण समारोह एवं प्रथम सम्मिलन का आयोजन 12 मार्च को किया जाएगा। बैठक दोपहर 1 बजे जिला पंचायत के ऑडिटोरियम (मंथन कक्ष) में संपन्न होगी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैकुंठपुर के विधायक भईयालाल राजवाड़े, भरतपुर सोनहत के विधायक श्रीमती रेणुका सिंह होंगे, जबकि अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा और विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, श्रीमती सौभाग्यवती सिंह कुसरो, संगीता सोनवानी, शिव कुमारी, गीता राजवाड़े, सुषमा कोराम, स्नेहलता गोंड, राजेश कुमार साहू एवं सुरेश कुमार सिंह उपस्थित रहेंगे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, सम्मिलन छग पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा-34 तथा धारा-44 के प्रावधानों के तहत आयोजित किया जा रहा है। इसके संचालन के लिए छग पंचायत (सम्मिलन प्रक्रिया तथा कार्य संचालन) नियम, 1994 का पालन किया जाएगा।

इस महत्वपूर्ण सम्मिलन के जरिए नवगठित पंचायत की आगामी कार्य योजनाओं पर चर्चा की जाएगी, जिससे जिले के विकास कार्यों को गति मिल सकेगी।

# जय जोहार साहित्य संस्कृति संस्थान ने रूप व अलीशा को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर



जिले के साहित्य जगत के लिए गर्व का अवसर तब आया जब एसके रूप और अलीशा शेख को छग राज्य युवा कवि सम्मान से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान छग साहित्य एवं संस्कृति संस्थान तथा जय जोहार साहित्य संस्कृति संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में रायपुर के वृंदावन हॉल में आयोजित युवा कविता कुंभ और नारी शक्ति सम्मान समारोह में प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में राज्यभर के 50 युवा कवियों ने भाग लिया, जिनमें अलीशा शेख ने अपनी सशक्त काव्य रचनाओं से विशेष पहचान बनाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईपीएस डॉ. रतनलाल डांगी ने कहा कि छग सार्थक और जागरूक कविताओं का गढ़ है।

वहीं अध्यक्ष मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. केपी यादव ने कहा कि राज्य के युवा कवि साहित्यिक जगत में नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं। कार्यक्रम में साहित्य जगत की कई प्रतिष्ठित हस्तियां उपस्थित थीं, इनमें वरिष्ठ साहित्यकार गिरीश पंकज, पूर्व आईएएस एवं साहित्यकार डॉ. इंदिरा मिश्रा, डॉ. सुशील त्रिवेदी और देवेन्द्र गोस्वामी शामिल रहे।

### कलेक्टर ने नियुक्त किए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट

**अनूपपुर।** प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी 13 मार्च को होलिका दहन, 14 मार्च को धुरेड़ी, रंग पंचमी, क्षेत्रीय फाग गीत आयोजित होंगे। उक्त त्यौहार के दौरान क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक है, जिसे दृष्टिगत रखते हुए 13 से 16 मार्च तक होली त्यौहार के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट हर्षल पंचोली ने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट्स की नियुक्ति की है। साथ ही उन्होंने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के सहयोग के लिए संबंधित नगरीय क्षेत्र के नगरपालिका अधिकारी एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है।

# जिला जेल में 35 बंदियों को प्रमाण पत्र वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

■ बंदियों को मुर्गी पालन का प्रशिक्षण

जिला जेल बैकुंठपुर में बंदियों के पुनर्वास और रोजगार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। आरसेटी (सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया बैकुंठपुर) की टीम द्वारा 1 मार्च से मुर्गी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसमें 35 बंदियों ने भाग लिया और इस कौशल को सीखा और 10 मार्च को प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें प्रशिक्षण पूरा करने वाले सभी 35 बंदियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर सहायक जेल अधीक्षक और जेल प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य बंदियों को आत्मनिर्भर बनाना और रिहाई के बाद रोजगार के नए अवसर प्रदान करना है। मुर्गी पालन एक कम लागत वाला और लाभकारी व्यवसाय है, जिससे प्रशिक्षित बंदी रिहाई के बाद अपने जीवन को बेहतर दिशा दे सकते हैं। जिला जेल बैकुंठपुर प्रशासन ने कहा कि बंदियों को सुधारात्मक प्रशिक्षण देकर उनके भविष्य को बेहतर बनाना हमारी प्राथमिकता है। इस तरह के कार्यक्रमों से बंदियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा और वे समाज में सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकेंगे।




# कन्या महाविद्यालय में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी



**बैकुण्ठपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के अर्थशास्त्र एवं वाणिज्य संकाय के संयुक्त तत्वावधान में स्वस्थ भारत के लिए मिलेट्स का महत्व एवं संभावनाएं विषय पर दो दिवसीय बहु-विषयक अंतरराष्टीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस संगोष्ठी में छग, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, बिहार सहित दक्षिण अफ्रीका और इथियोपिया से कुल 144 शोध सार प्राप्त हुए, जिनका संग्रहण कर स्मारिका का निर्माण किया गया। इंडियन मिलेट्स क्वीन लहरी बाई ने संगोष्ठी के दौरान मिलेट्स की उपयोगिता और इसके स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह सुपर फूड के रूप में जाना जाता है और कुपोषण से बचाव के लिए अत्यधिक उपयोगी है। उन्होंने लोगों से अपने आहार में मिलेट्स को शामिल करने की अपील की। इथियोपिया की डेबरे टैबोर यूनिवर्सिटी के इंटरनेशनल रिलेशंस ऑफिसर डॉ.भूपेन्द्र कुमार ने बताया कि 130 से अधिक देशों में मिलेट्स की खेती होती है और यह एशिया एवं अफ्रीका के लोगों का प्राचीन मुख्य आहार रहा है। उन्होंने पारंपरिक भोजन को अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि मिलेट्स भारत की पहचान का अभिन्न हिस्सा हैं। प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ. प्रीति गुप्ता शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने की और मिलेट्स को पौष्टिक, गैर-अम्लीय एवं कम उपजाऊ भूमि में भी उत्पादित होने योग्य अनाज बताया। द्वितीय तकनीकी सत्र में डॉ.डीके गुप्ता डीन, स्व. रामचंद्र सिंहदेव कृषि एवं अनुसंधान केन्द्र कोरिया ने मिलेट्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया, जबकि पीपी सिंह ने गरीबों का अनाज की अवधारणा को बदलने के लिए विपणन और प्रचार के महत्व को रेखांकित किया।

### जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे फरियादी

बैकुण्ठपुर। जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे ग्राम अंगा के पांच फरियादियों को आखिरकार उनकी क्षतिपूर्ति राशि मिल गई। ये सभी प्राकृतिक आपदा के कारण अपने मकान के नुकसान की भरपाई की राशि न मिलने से परेशान थे, जबकि उसी गांव के अन्य लोगों को यह सहायता मिल चुकी थी। फरियादियों ने जब कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी को अपनी समस्या बताई, तो उन्होंने तत्काल बैकुंठपुर तहसीलदार डॉ. अमृता सिंह को जांच के निर्देश दिए। जांच में पाया गया कि आवेदकों द्वारा बैंक खाता संख्या गलत दर्ज कराने के कारण उनके खातों में राशि नहीं पहुंची थी, जबकि जनवरी 2025 में ही सहायता राशि स्वीकृत हो चुकी थी। तहसीलदार ने तुरंत इस त्रुटि को ठीक कर आवेदकों को उनकी क्षतिपूर्ति राशि उपलब्ध करवाई। इस त्वरित समाधान से फरियादियों को राहत मिली । कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि जनदर्शन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं का तत्काल निराकरण करना है।

## जिला स्तरीय समय-सीमा बैठक में दिए महत्वपूर्ण निर्देश

# लंबित ऋण वसूली में करें तेजीः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

■ पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के दिए निर्देश




कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। इसमें विभिन्न विभागों की लंबित योजनाओं और प्रकरणों की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने आगामी गर्मी को देखते हुए पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जिले के दूरस्थ स्वास्थ्य केन्द्रों, आश्रम-शालाओं और आंगनबाड़ी केन्द्रों में समुचित पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही बिगड़े हुए हैंडपंपों को तत्काल सुधारने और पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने अंत्यावसायी के तहत दिए गए हितग्राहियों से लंबित ऋण राशि को वसूली करने में तेजी लाने के निर्देश दिए। जानकारी के मुताबिक अंत्यावसायी ऋण वसूली में चार करोड़ रूपए से अधिक लंबित है। कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों से कहा है कि जिन हितग्राहियों द्वारा बकाया राशि जमा करने में हीलाहवाला की जा रही है, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। इसी तरह पंचायत के माध्यम से लिए गए ऋण वसूली को भी समय पर जमा कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने विभागीय पदोन्नति के मामले पर कहा कि समय पर कर्मचारियों को नियमानुसार पदोन्नति का लाभ देने में कोताही नहीं बरती जाए। कलेक्टर ने अनुकंपा नियुक्ति, पेंशन प्रकरण, संविदा भर्ती कार्य सहित आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों के आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए। एग्रीस्टैक परियोजना के तहत कृषक पंजीयन शिविर के संबंध में कलेक्टर ने जानकारी ली और शिविर आयोजित होने वाले गांवों में मुनादी कराने के निर्देश दिए। किसानों को डिजिटल रूप से सशक्त करने और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचाने के उद्देश्य से एग्रीस्टैक परियोजना के तहत कृषक पंजीयन शुरू किया गया है।

कलेक्टर ने आश्रम शालाओं, स्वास्थ्य केन्द्रों व आंगनबाड़ी केन्द्रों में संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए हैं और अव्यवस्था पाए जाने पर तत्काल संबंधित विभाग द्वारा निराकरण कराए जाने के निर्देश भी दिए हैं। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर अरूण मरकाम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### जल सशक्तिकरण में महिलाओं की अहम भूमिका

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के विकासखंड़ मनेन्द्रगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनवर्षा के राधारमननगर में जल जीवन मिशन के तहत महिला-जन जल जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता ओंकार सिंह, सहायक अभियंता ए. एस. सिदार एवं उप अभियंता मनमोहन सिंह के आदेशानुसार जिला परियोजना समन्वयक (मॉनिटरिंग) अनिमेष कुमार तिवारी, (आईएस) निहाल डिक्सना, एवं (आईईसी) नवीन कुमार ने भाग लिया। यह आयोजन प्राथमिक शाला प्रांगण में हुआ, जहां काफी संख्या में महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी की।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए महिलाएं सम्मानित

**मनेन्द्रगढ़।** महिला समता मंच द्वारा अंतरराष्टीय महिला दिवस दिवस घुटरा के उज्जवल विहान आजीविका महिला संकुल में गांव के लोगों के साथ मनाया गया। सभी प्रतिभागियों को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय को महिला समता मंच से पुरुस्कार प्रदान किया गया। महिला समता मंच के द्वारा मंजूला कौरव को सम्मानित किया गया। संरपच श्रीमती फूल कुंवर पेण्ड्री, श्रीमती मानमती ग्राम गरूडोल, पंच अनुजा राय, गीता, सुनीता, बबीता, दुर्गावती, ओमवती को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। गांव की महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। आयोजन में मटका फोड़ में श्रीमती पुष्पा, कुर्सी दौड़ में अंजना राय प्रथम, द्वितीय नीतू, तृतीय सविता रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाली महिलाओं को पुरुस्कार प्रदान किया गया।

## पूर्व सीएम के समर्थन में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

# ईडी और केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी



पुतला दहन करते कांग्रेसी।




विरोध प्रदर्शन में शामिल कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव भूपेश बघेल के निवास सहित कई स्थानों पर की गई छापेमारी के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्यभर में जोरदार प्रदर्शन किया। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार और ईडी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ईडी की कार्रवाई को तानाशाही बताते हुए आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार विपक्षी दलों को दबाने के लिए केन्द्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह छापेमारी राज्य के असली मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने की साजिश है और राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से की गई है। विरोध प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार अहमद, महामंत्री बृजवासी तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह सहित काफी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

कांग्रेस ने ऐलान किया कि यदि केन्द्र सरकार की एजेंसियां इसी तरह राजनीति से प्रेरित कार्रवाई करती रहीं, तो राज्यभर में बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। पार्टी नेताओं ने कहा कि यह लड़ाई सड़कों से लेकर सदन तक लड़ी जाएगी और केन्द्र सरकार की दमनकारी नीतियों का डटकर विरोध होगा।



# मनेन्द्रगढ़ रीजन 5 की रीजन कॉन्फ्रेंस साक्षी का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** रीजन 5 की रीजन कॉन्फ्रेंस साक्षी का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस कार्यक्रम की मेजबानी रीजन चेयरपर्सन लायन रजनी अग्रवाल, आयोजन क्लब, लायंस क्लब मनेन्द्रगढ़ एवं लायंस क्लब मनेन्द्रगढ़ प्राइड द्वारा की गई।

कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में लायन सत्येन्द्र शर्मा, मुख्य वक्ता लायन रूपुदमन सिंह पुसरी एवं विशिष्ट अतिथि लायन डॉ. जीडी सिंह और लायन एनके जैन मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलित कर की गई। सभी अतिथियों को सम्मानित करते हुए उन्हें पौधों के साथ स्वागत किया गया। लायन कौशल अरोरा ने लायन रजनी अग्रवाल का जीवन परिचय प्रस्तुत किया। इस दौरान रीजन चेयरपर्सन लायन रजनी अग्रवाल ने विभिन्न सदस्यों को उनकी प्रतिभा के आधार पर अवार्ड्स से सम्मानित किया। रीजन के अंतर्गत कुल 9 क्लबों के सदस्य इनमें मनेन्द्रगढ़, अनूपपुर, बुढ़ार, चिरमिरी, अंबिकापुर, सरगुजा, महामाया, सुपरस्टार और सेंट्रल क्लब शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### बंग समाज कल्याण समिति की बैठक आज

**बिश्रामपुर।** छत्तीसगढ़ बंग समाज कल्याण समिति की विशेष बैठक आज 12 मार्च बुधवार को समिति कार्यालय नवीन भवन भगवानपुर अंबिकापुर में दोपहर 3 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में समिति के वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने पर नवीन कार्यकारिणी गठन व पुनर्गठन के संबंध में चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा।उक्ताशय की जानकारी बंग समाज के पवन वर्मन ने दी है।

### गोविंदपुर संकुल कार्यालय में लगी आग, दस्तावेज जलकर राख

**बिश्रामपुर।** ग्राम गोविंदपुर कुमदा कालरी स्थित संकुल कार्यालय में बीती रात आगजनी की घटना से दस्तावेज जल गए हैं। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत मदनपुर निवासी प्रधान पाठक प्रार्थी कौशलेश कुमार सिन्हा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ग्राम पंचायत गोविंदपुर कुमदा कालरी में स्थित संकुल कार्यालय में बीती रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने की वजह से कार्यालय में रखे दस्तावेज व अन्य सामान जलकर राख हो गए हैं। सूचना पर पुलिस ने आगजनी का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। आगजनी की घटना से करीब 35 हजार रुपए के आर्थिक नुकसान होने की बात कही जा रही है।

## फसलों को बचाने सूखी नदी में जेसीबी से कुआं बनाकर कर रहे सिंचाई

# गर्मी से पहले सूख गई मान नदी सिंचाई के लिए नहीं मिल रहा पानी


नदी में जेसीबी से खोदे गए कुंआ।


सूखी फसल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

मार्च माह के पहले सप्ताह ही बतौली क्षेत्र के जीवनदायिनी मान नदी के सूख जाने से किसानों की चिंता बढ़ा दी है। नदी किनारे स्थित खेतों में किसानों ने खेतों में फसल तो लगा दिया लेकिन गर्मी शुरू होने से पूर्व ही नदी के पूरी तरह से सूख जाने तथा फसलों की सिंचाई के लिए पानी नही होने से परेशान है। इधर सिंचाई के अभाव में सूख रही फसल को बचाने किसान सूखी नदी में जेसीबी से कुआं बनाकर सिंचाई करने को मजबूर है।

**खास बात**

- नदी में पानी नहीं होने से बढ़ी किसानों की चिंता

गर्मी का मौसम शुरू होने में लगभग एक माह शेष है। ऐसे में जिले के कई नदियों में पानी पर्याप्त है लेकिन बतौली में मार्च माह के पहले सप्ताह से घटते जल स्तर के कारण ही क्षेत्र के मंगारी नदीपारा स्थित मान नदी पूरी तरह सूख चुकी है। नदी में एक बूंद पानी नहीं है जबकि मार्च माह में नदी में पर्याप्त पानी होता था। नदी के हर तरफ बालू और पत्थर नजर आ रहे है। ऐसे में नदी किनारे किसानों द्वारा लगाए गए फसल सूखने लगी है। नदी में पानी नही होने की वजह से उत्पन्न समस्या से गंभीर स्थिति हो गई है। इधर किसान कर्ज लेकर तो किसान नदी किनारे अपनी खेतों में गेहूं,गर्मी धान, गन्ना,,मक्का,सब्जी की खेती कई एकड़ में किए है लेकिन समय से पहले ही मान नदी के सुख जाने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ झलकने लगी है। अब किसान फसल की सिंचाई कैसे करें इसे लेकर चिंतित है।

### पानी की कमी से चिंतित किसान

ग्राम पंचायत मंगारी नदीपारा के किसान भाई राफेल, जोवाकिम, बहादुर, छन्नू, रमेश ने बताया कि मान नदी के पूरी तरह सूखने से पानी बिल्कुल नहीं है जिससे खेत में उगाई गई फसल की सिंचाई के साथ पालतू जानवरों को पानी कैसे पिलाएं इसकी चिंता सता रही है। पानी की समस्या के चलते अपनी अपनी खेतों में लगी फसल को बचाने के लिए सभी मिलकर नदी में जेसीबी के माध्यम से कुआं खुदवा रहे है जिसकी गहराई 8 से 10 फिट रहेगी। कुंआ में सिंचाई योग्य पानी निकल रहा है जिससे अपनी फसल को बचा रहे है। फसल बच गई तो सभी किसान भाइयों को खेती में लगाए गए राशि मिल सकती है। इसलिए जगह जगह जेसीबी के माध्यम से कुआं खनन किया जा रहा है। जिससे खेतों में पानी सिंचाई किया जा रहा है।

### गिरते जल स्तर से कई गांव प्रभावित

बतौली क्षेत्र के जीवनदायिनी मान नदी का गिरते जल स्तर कई गांव प्रभावित है। माननदी से बतौली क्षेत्र के सैकड़ों लोगों के हजारों एकड़ की खेती के लिए सिंचाई का एक माध्यम है और सहारा है। लेकिन जीवनदायिनी मान नदी के मार्च के पहले हफ्ते में ही सूख जाने से अब किसानों को मुसीबत में डाल दिया है। नदी के सूखने से एक गांव के किसान नहीं बल्कि नदी किनारे बसे तारागी, पोपरेंगा, सरमना, पथराई, सुवारपारा, मंगारी, कपाट बहरी, बिरीमकेला, महेशपुर ,विशुनपुर सहित कई गांवों के किसान पानी की समस्या से जूझ रहे है।

### रेत तस्कर हुए सक्रिय

जीवनदायिनी मान नदी के सूख जाने से रेत और पत्थर ही दिखाई दे रही है। ऐसे में अब रेत तस्कर सक्रिय हो गए है। मान नदी नदीपारा, मंगारी सहित विशुनपुर में बड़े पैमाने पर रेत खनन का कार्य चल रहा है। नदी में पानी की कमी से क्षेत्र के रेत तस्कर सूखी नदी का दोहन कर रहे हैं। बावजूद पइसके रशासन उदासीन है।


विरोध प्रदर्शन करते क्षेत्रवासी।

## बिलासपुर चौक से फोरलेन सड़क निर्माण का शुरू हुआ विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बिलासपुर चौक से एनएच 130 तक सड़क को फोर लेन में परिवर्तित करने का विरोध शुरू हो गया है। क्षेत्रवासियों ने कलेक्टर जनदर्शन में फोर लेन कि जगह प्रस्तावित बाय पास का निर्माण कराने की मांग की है।

- कलेक्टर के नाम क्षेत्रवासियों ने सौंपा ज्ञापन

बिलासपुर चौक के निवासियों ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि बिलासपुर चौक में एक किलोमीटर आगे बाई पास रोड प्रस्तावित है। इसके लिए 6 साल पहले ही मुआवजा वितरण किया जा चुका है। बाई पास रोड बन जाने के बाद शहर में भारी वाहनों का प्रवेश बंद हो जाएगा और यातायात व्यवस्था सुचारू होगी। फोर लेन बनने से कई घर टूटेंगे और स्थानीय लोगो के जीवन में नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। लगातार सड़क निर्माण से सड़क घरों से ऊंची हो जा रही है जिससे बारिश के दिनों में जल भराव की समस्या का सामना करना पड़ेगा। तीन साल पहले ही इस सड़क का चौड़ीकरण किया गया था तब अमृत मिशन के तहत जल प्रदाय के लिए पाइपलाइन डाला गया है जिससे घरों में कनेक्शन दिया गया है। फोर लेन के निर्माण से तमाम सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग होगा। ज्ञापन सौंपने वालों में सूर्यदेव दुबे, नीतीश चौरसिया, मनोज चौरसिया, नीलम साहू, रेखा साहू, गोलू दुबे, आयुष गुप्ता, अजित साहू, श्रीराम राजवाड़े, विनोद गुप्ता, अंकित, नंद कुमार, मनोज मुंडा, सीमा साहू, सीमा साहू, प्रेम साहू, देवधर राजवाड़े, विमला साहू, राहुल सिंह, रंजीत, रामलखन, श्याम गुप्ता, परमेश्वर, शैलेन्द्र, सन्त प्रजापति, दिनेश साहू, राजकुमार सिंह, लक्ष्मी साहू, राजेश शर्मा, महेश प्रसाद साहू, राधा देवी, शरद देवी, दीपक उपाध्याय, ज्योति साहू, गुलाब गुप्ता, आकाश, नान साय, इंद्रजीत राजवाड़े, विभा सिंह, रामकिशुन साहू, विकी जायसवाल सहित प्रभावित क्षेत्र के लोग शामिल थे।

### वैधानिक नोटिस

**प्रेषक:- संतोष कुमार सिंह (अधिवक्ता)**
**प्रति,**
मो. मुजाहीद फिरदौशी निवासी नवागढ़ मदरसा के पास डॉ. फिरदौशी के घर के बगल में अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.)
**महोदय,**
मैं संतोष कुमार सिंह उपरोक्त अधिवक्ता मो. नासीर हुसैन आ. स्व. अब्दुल हफीज फिरदौशी, जाति मुसलमान, निवासी कदम्बी चौक बरेजपारा अम्बिकापुर, थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. जिसे इस वैधानिक नोटिस में आगे मेरा वादार्थी कहकर संबोधित किया गया है, के निर्देशानुसार यह वैधानिक नोटिस धारा-138 नेगोशिएबल इस्ट्रूटमेंट एक्ट के तहत निम्न वैधानिक कारणों से आप नोटिसग्रहिता प्रेषित कर रहा हूं-
1. यह कि मेरा वादार्थी नगर अम्बिकापुर का स्थायी निवासी है एवं आप नोटिसग्रहिता मेरे वादार्थी के दूर के रिश्तेदार है. जिस कारण मेरे वादार्थी और आप नोटिसग्रहिता के मध्य आपसी पारिवारिक संबंध है। इसी तारतम्य में मेरे वादार्थी से आप नोटिसग्रहिता के द्वारा किया सेल्टॉस गाड़ी क्रय करने हेतु नगद रकम की आवश्यकता होने के कारण आप नोटिसग्रहिता के द्वारा मेरे वादार्थी से 1,50,000/- रूपये नगद की मांग की गई, जिसपर से मेरे वादार्थी के द्वारा आप नोटिसग्रहिता को 1,50,000/- रूपये नगद प्रदान किया गया।
2. यह कि मेरे वादार्थी को आप नोटिसग्रहिता द्वारा अपने बैंक ऑफ बडौदा अम्बिकापुर शाखा अम्बिकापुर जिला सरगुजा में स्थित खाता क्र0-13360100002641 चेक क्र0-000235 दिनांक 05.01.2025 राशि 1,50,000/- रूपये का चेक प्रदान किया गया।
अतः इस वैधानिक नोटिस के माध्यम से आप नोटिसग्रहिता को सूचित किया जाता है कि इस नोटिस के प्राप्ति के 15 दिवस के भीतर मेरे वादार्थी को प्रदान किये गये चेक क्र.-000235 राशि 1,50,000/- रूपये के भुगतान का भुगतान कर पॉवती प्राप्त करें। यदि आप नोटिसग्रहिता द्वारा नोटिस अवधी समाप्त होने से पूर्व रकम का भुगतान नहीं किया जाता है तो चेक में दर्शित रकम की भुगतान हेतु मैं अपने वादार्थी की ओर से सक्षम न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जायेगा, जिसमे होने वाले व्यय के साथ ही साथ इस वैधानिक नोटिस का खर्च राशि 2,000/- रूपये के भी देनदार आप नोटिसग्रहिता होगें।
**भवदीय**
**संतोष कुमार सिंह**
**(अधिवक्ता)**

### एचएमएस श्रमिक यूनियन की मनप्रीत ओसीएम सहक्षेत्र अध्यक्ष नियुक्त



**बिश्रामपुर।** कोयला मजदूर सभा एचएमएस के क्षेत्रीय महाप्रबंधक देवेंद्र मिश्रा ने श्रीमती मनप्रीत कौर पति वीरेंद्र सिंह को आमागांव ओसीएम सहक्षेत्र का अध्यक्ष नियुक्त किया है। उक्त नियुक्ति से संगठन कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

## होली त्यौहार को लेकर उदयपुर थाने में शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ उदयपुर



होली त्यौहार को लेकर थाने में शांति समिति का बैठक आयोजित किया गया। बैठक में जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीण शामिल हुए।

बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने होली त्यौहार को लेकर अपनी सुझाव रखते हुए कहा कि जबरन किसी के ऊपर रंग गुलाल न लगाए। अश्लील गीत में प्रतिबंध, ढोल नगाड़े तथा जाति विशेष पर गलत टिप्पणी पर प्रतिबंध व झूठा केस, दबाव डाल कर चंदा वसूली न करें। होलिका दहन के समय शासकीय संपत्ति का नुकसान न हो। इस मौके पर थाना प्रभारी कुमारी चंद्राकर ने कहा 12 मार्च से ही पुलिस सक्रिय हो जाएगी। इस दौरान तीन सवारी व शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले के खिलाफ कार्रवाई करेंगे और शराब पीने पाए जाने पर चालक का लाइसेंस भी जब्त कर रद्द कराया जाएगा। बाइक में मुखौटा बांधकर चलने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी। डीजे साउंड पर प्रतिबंध रहेगा। उदयपुर में तीन जगह पर सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है जिसके जरिए बदमाशों पर निगरानी रखा जाएगा। होली के दिन उदयपुर थाने में जिले के पुलिस अधिकारियों से तीन वाहन के साथ चार हवलदार दो अधिकारी के साथ कुल 25 बल की मांग किया गया है। उदयपुर के सेंट्रल बैंक, डांडगांव, खमरिया, उदयपुर चार जगह पर केंद्र बिंदु बनाया गया है। इन पॉइंट में पुलिस की वहां तैनात होगी किसी प्रकार उत्पादन होने पर तत्काल पुलिस पहुंचकर लगाम कसेगी। इस दौरान राधेश्याम ठाकुर, प्रबोध सिंह, अनिल प्रताप सिंह, मनीष बंसल, ओमप्रकाश सिंह, मनीष पांडेय, परमेश्वर प्रजापति, कन्हाई राम बंजारा, निरंजन सिंह, क्रांति रावत, उदरपाल राजवाड़े, शिव शंकर गिरी, ललन धुर्वे, काजल यादव के अलावा अन्य मौजूद रहे।

## जीवन में सफलता के लिए लक्ष्य का निर्धारण जरूरी : शिव

**बतौली/सेदम।** शासकीय महाविद्यालय बतौली में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि उप पुलिस अधीक्षक नगर सेना शिव कुमार कठौतिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्ति के लिए लक्ष्य का निर्धारण करना चाहिए और सफलता प्राप्ति के लिए प्रत्येक दिवस एक निश्चित समय तक अध्ययन करना चाहिए।

- वार्षिकोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति और सभ्यता की दी प्रस्तुति




सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने पंक्तिबद्ध होकर महाविद्यालयीन गणवेश में पुष्प वर्षा एवं करतल ध्वनि से मुख्य अतिथि एवं प्राध्यापकों का भव्य स्वागत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम से पूर्व पाक कला प्रतियोगिता एवं सलाद सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ में बनने वाले पारंपरिक व्यंजनों का स्टॉल लगाया था। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गीता प्रधान ने एकल नृत्य में संबलपुरी नृत्य, युगल नृत्य में प्रेरणा सिंह एवं मधुबाला सिदार ने शास्त्रीय संगीत पर आधारित भरतनाट्यम एवं रश्मि लकड़ा और विद्या पैकरा ने पारंपरिक छत्तीसगढ़ी गीत में नृत्य का प्रस्तुती दी। सामूहिक नृत्य में शशिप्रभा लकड़ा एवं उनके सहेलियों ने पारंपरिक छत्तीसगढ़ी गीत में नृत्य, विद्या पैकरा और उनके साथियों ने कर्मा नृत्य, रेखा एक्का और उसकी सहेलियों ने पारंपरिक छत्तीसगढ़ी गीत पर नृत्य, रश्मि लकड़ा एवं उनके साथियों ने आदिवासी नृत्य एवं सुष्मिता तिग्गा ने विभिन्न छत्तीसगढ़ी गीतों पर नृत्य किया। इस दौरान प्राचार्य बीआर भगत, प्रो. बलराम चंद्राकर, प्रो. श्रीमती सुभागी भगत, प्रो. सुश्री मधुलिका तिग्गा, प्रो. जिवियन खेस, सुमित्रा गिरी, सुश्री शिल्पी एक्का,श्रीमती कविता प्रजापति सहित अन्य मौजूद रहे।

TOP IN SURGUJA

श्वास, छाती एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
डॉ.कमल नारायण गुप्ता
MBBS (Pune), DTCD (Kolkata)
Chest Physician
GOLD MEDALIST
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALTY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
|9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
अपने फेफड़ों की जांच कराएं और आज ही अपने डॉक्टर की सलाह लें!
समस्त श्वास संबंधित रोगों का निदान जैसे -
जटिल अस्थमा (दमा)
टी.बी./क्षय रोग / MDR-TB
गले व छाती में कफ संबंधित समस्या
बैठे- बैठे चलने पर सांस फूलना
छाती में भारीपन और सांस फूलना
छाती में पानी भर जाना, हवा लीक होना
छाती में गठान, फेफड़ों के कैंसर की समस्या
खांसी, जुकाम एवं एलर्जी
बच्चों में आने वाली बार-बार खांसी
खांसी में खून आना

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
छ.ग. के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ. मनीष चौरसिया
MCH (NEURO SURGEON)
छ.ग. के सुप्रसिद्ध मनोचिकित्सक
डॉ. गौरी शंकर सिंह
MD, (Psychiatry) BHU MBBS (AFMC)
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र
1.5 Tesla MRI
All Diagnostic Facilites
16 मार्च 2025 माह के तीसरे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
07774-222555, 9425583780, 9826183780
8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

ऊँ जय माँ कंकाली ऊँ
राजयोग- धनयोग, विवाह, संतान, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद, व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष संबंधी प्रश्नोत्तर, 9 ग्रह 27 नक्षत्र 64 योगनी, वास्तु शास्त्र तथा प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें, तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह या किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।
चुनाव में विजय श्री हेतु संपर्क करें
त्रिकालग्य स्वामी - तांत्रिक सम्राट
डॉ.जे.पी. दुबे (पुष्पेन्द्र)
ज्योतिश तंत्र, पी.एच.डी., (गोल्ड मेडलिस्ट)
रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर
समयनुसार मिलें
डॉ.जे.पी. दुबे
मो.9630231500, 9630995600 आने से पूर्व अपाइंटमेंट अवश्य लेंवे
पता - कार्मेल स्कूल गेट नम्बर 4 बसुंधरा सनसिटी गेट के बाजू राजनिवास अपार्टमेंट अम्बिकापुर (छ.ग.)
नोट स्वामी जी प्रत्येक दिन अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे!!

सरगुजा मार्केट

रायपुर के प्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ आपके शहर अंबिकापुर में
डॉ. विकास गोयल
MD Med, DM Haematology
हिमेटोलॉजी एंड ब्लड कैंसर क्लीनिक
खून की कमी, सफेद कोशिकाओं और प्लेटलेट्स की कमी
सिकल सेल एनीमिया, थैलीसीमिया, आदि विकार
सभी प्रकार के रक्त कैंसर (ल्यूकीमिया, लिम्फोमा, मायलोमा)
बगल, जांघों में अथवा गर्दन में गांठ
पेट में तिल्ली, लीवर में सूजन
एवं संबंधित अन्य रोग
दिनांक 23 मार्च 2025 दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 23 मार्च 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुम्बई)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
दमा, खाँसी, टी.बी, निमोनिया, एलर्जी, फेफड़े का कैंसर इस्नोफिलिया, PFT, ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनांक –16 मार्च, 2025
दिन – रविवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ्रिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
20 मार्च 2025 दिन गुरूवार
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy urosurgeon)
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना।
पेशाब में जलन।
प्रोस्टेट बढ़ जाना।
पेशाब बार-बार होना।
किडनी, पेशाब थैली।
पेशाब बूंद- बूंद पर होना।
गुर्दे व पेशाब की नली में पथरी।
पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
पेशाब की धार न बनना, इत्यादि।
अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
Dr FIRDOUSI HOSPITAL
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

प्रकाश हॉस्पिटल
सर्जिकल विभाग
विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा दूरबीन विधि LAPAROSCOPY (लेप्रोस्कोपिक पद्धति) द्वारा ईलाज
लेप्रोस्कोपिक सर्जन
गॉल ब्लैडर (पित की थैली)
अपैण्डिक्स • हार्निया
पेट में गठान • पेट में गोला इत्यादि
प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड के द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अंबिकापुर
मो.9713667433, 9617247433

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. ए.एफ. दानिश
बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (जनरल सर्जरी)- कोलकाता, एम.सी.एच. (प्लास्टिक सर्जरी), नई दिल्ली
पूर्व असिस्टेंट ऑफिसर, वी.एम.एम.सी व सफदरगंज अस्पताल, नई दिल्ली
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
शनिवार, 22 मार्च 2025
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
: प्लास्टिक सर्जरी :
सभी प्रकार के दाग का ईलाज (Scar Treatment)
पुरूषों के बढ़े हुए स्तन (Gynaecomastia)
झड़ते हुए बालों के लिए (PRP, Therapy/GFC Therapy)
Liposcution (शरीर के बढ़ी चर्बी को मशीन से निकालना)
जलने के बाद हाथ, पैर, चेहरे की सिकुड़न का ईलाज
लम्बे समय तक ना ठीक होने वाले घाव का ईलाज
Keloid का ईलाज, डायलिसिस के लिए फिस्चुलना
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ.हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.ch (Neuro Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार,8 मार्च 2025
को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रातः 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
07774-221101, 9407910331, 9488142243
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नया बस स्टैण्ड, गौरवपथ, अम्बिकापुर

11 Ambikapur-pg 4-0_Layout 1 3/11/2025 9:39 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### नगर पंचायत बिश्रामपुर में उपाध्यक्ष पद हेतु निर्वाचन प्रक्रिया आज

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत बिश्रामपुर में उपाध्यक्ष पद की निर्वाचन प्रक्रिया 12 मार्च को संपन्न कराई जाएगी। उपाध्यक्ष पद हेतु निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर तैयारी पूर्ण कर ली गई है। गौरतलब है कि नगर पंचायत बिश्रामपुर में अध्यक्ष व पार्षदों के निर्वाचन प्रकिया पिछले दिनों 15 फरवरी को पूर्ण होने उपरांत उपाध्यक्ष पद हेतु तैयारी शुरू कर दी गई थी। नगर पंचायत बिश्रामपुर के सीएमओ सुशील कुमार तिवारी ने बताया कि यहां पर 12 मार्च को उपाध्यक्ष पद के निर्वाचन प्रकिया की पूर्ण कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि उपाध्यक्ष पद हेतु आज 12 मार्च बुधवार को नगर पंचायत के सभा कक्ष में सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक नाम निर्देशन पत्रों को जमा किया जाएगा। इसके पश्चात पीठासीन प्राधिकारी द्वारा नाम निर्देशन पत्रों की सूक्ष्म जांच तथा आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा। नाम निर्देशन पत्र की जांच उपरांत अभ्यर्थियों द्वारा नाम वापस लिए जाने का समय भी निर्धारित किया गया है। इसके पश्चात जो अभ्यर्थी अपना नामांकन पत्र वापस लेंगे उनके नामों की घोषणा की जाएगी। एक ही अभ्यर्थी का नाम निर्देशन पत्र वैध पाए जाने की स्थिति में उपाध्यक्ष पद के लिए सम्यक रूपेण निर्वाचित घोषित किया जाएगा। नाम निर्दिष्ट अभ्यर्थियों की संख्या एक से अधिक होने पर दोपहर 2 बजे से 2.45 बजे तक मतदान की प्रक्रिया पूर्ण कराई जाएगी और मतदान के तत्काल पश्चात मतगणना करके निर्वाचन के परिणामों की घोषणा की जाएगी।

### कलेक्टर ने तहसील कार्यालय लटोरी का किया निरीक्षण



**बिश्रामपुर।** सूरजपुर कलेक्टर एस.जयवर्धन ने मंगलवार को तहसील कार्यालय लटोरी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तहसील कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।उन्होंने तहसीलदार न्यायालय में पुराने प्रकरणों की जानकारी लेते हुए समय पर प्रकरणों के निराकरण करने की बात कही।साथ ही इस दौरान कार्यालय में आए हुए ग्रामीणों से चर्चा भी की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजनों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए। निरीक्षण पश्चात उनके द्वारा राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों की समीक्षा बैठक भी ली गई।इसमें सभी को राजस्व प्रकरणों के समय सीमा के भीतर निराकृत करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर सुरजपुर एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल, लटोरी तहसीलदार सुरेंद्र पैकरा, नायब तहसीलदार शैलेन्द्र दिवाकर, पिलखा नायब तहसीलदार मीना सिंह व अन्य राजस्व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### जिगड़ी में आयोजित सात दिवसीय शिविर का समापन



**राजपुर।** विकासखंड के ग्राम पंचायत जिगड़ी में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर समापन किया गया। इस दौरान समापन समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष विनय भगत ने सरस्वती मां एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की। इस दौरान जनपद अध्यक्ष विनय भगत ने स्वयं सेवकों को हमेशा जरूरतमंदों की सेवा करने के लिए तत्पर रहने हेतु आग्रह किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य कमला राम नगेसिया ने मिल जुलकर समाज को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। सरपंच श्रीमती मीना बखला ने स्वयं सेवकों के कार्यों की सराहना की। इस कार्यक्रम में स्वयं सेवकों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम से सभी अतिथि एवं ग्रामीण के साथ ही शासकीय उमावि जिगड़ी के छात्र-छात्राओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन स्वयं सेवक विमल कुमार रवि एवं आभार प्रदर्शन अनुज कुमार दुबे ने किया। कार्यक्रम में श्रीमती इन्दु पैकरा शासकीय उमावि जिगड़ी के प्राचार्य संतोष पांडे, राजेश यादव, सकल राम नगेसिया, बबन बखला, गोविंद प्रसाद गुप्ता, देवनाथ पांडे, अनुज कुमार दुबे, मनीष कुमार यादव एवं श्रीमती अंजना टोप्पो सहित अन्य मौजूद थे।

## निधन

### चंद्रावती देवी

**बिश्रामपुर।** शिवनंदनपुर मुख्य मार्ग निवासी चंद्रावती देवी पति स्व.मुंशीलाल गुप्ता का 94 वर्ष की आयु में सोमवार की शाम निधन हो गया,उनका अंतिम संस्कार परिजनों ने आज मंगलवार को स्थानीय मुक्तिधाम में रीति रिवाज अनुसार किया।



चंद्रावती देवी शिवनंदनपुर निवासी राजेंद्र प्रसाद,जोगेंद्र प्रशाद ,धीरेन्द्र प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता की माताजी एवं शालू स्वीट्स के संचालक शालू गुप्ता व प्रतीक की दादी थीं।

### धीमे निर्माण एवं विभागीय लापरवाही के कारण हो रहा विलंब

# पांच साल में जल जीवन मिशन के तहत मात्र 57 गांवों में घर-घर मिल रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पांच साल के लंबे अंतराल में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सरगुजा के मात्र 56 गांवों में ही जल जीवन मिशन का पानी घर-घर पहुंचा सका है। विभाग के अधिकारी शेष बचे गांवों में भी जल्द घर-घर पानी पहुंचाने का दावा कर रहे हैं लेकिन निर्माण की लेट लतीफी के कारण इन गांवों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने में लम्बा समय लग सकता है।

**खास बात**

- मार्च तक 100 गांवों में पानी आपूर्ति करने की तैयारी

केंद्र एवं राज्य सरकार ने हर गांव हर घर में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। शासन द्वारा योजना के तहत सरगुजा के 569 गांवों का चयन किया गया है। चयनित गांवों में से 189 में समूह जल प्रदाय योजना के तहत पेयजल उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है जबकि 380 गांवों में बोर खनन कर पानी टंकी के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने की योजना है। जल जीवन मिशन के तहत वर्ष 2019-20 में सभी योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई थी लेकिन स्थल चयन सहित अन्य प्रक्रियाओं को पूरा करने में लम्बा समय लगने के कारण योजनाओं का निर्माण 2020 में प्रारम्भ हुआ। सालों तक कछुआ गति से निर्माण होने के कारण विभाग मात्र 9 योजनाओं को ही पूरा कर सका। निर्माण की धीमी गति पर शासन द्वारा सख्ती करने एवं लापरवाही पर कार्यपालन अभियंता को निलंबित करने के बाद निर्माण में तेजी आई। निर्माण की धीमी गति पर विभाग ने भी ठेकेदारों पर सख्ती की जिसका परिणाम हुआ कि निर्माण की गति में तेजी आई तथा निर्माण पूरे होने लगे। जल जीवन मिशन का निर्माण पूरा होने के बावजूद विद्युत समस्या के कारण लम्बे समय तक डेढ़ दर्जन गांवों में योजना को शुरू नहीं किया जा सका। विद्युत समस्या के निराकरण के बाद योजनाओं को शुरू करने में विभाग को सफलता मिली। अभी भी दो दर्जन से अधिक योजनाएं पूर्णता की कगार पर हैं जबकि अनेक पूर्ण हो गई हैं लेकिन संबन्धित ग्राम पंचायतों की आमसभा नहीं होने के कारण योजनाओं को ग्राम पंचायत के सुपुर्द नहीं किया जा सका है। विभाग ने मार्च तक 100 गांवों में घर-घर पानी पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।



पंचायत प्रतिनिधियों को योजना की जिम्मेदारी सौंपते अधिकारी।

#### 320 योजनाएं हुई पूरी

विभाग ने हर गांव की आबादी एवं भौगोलिक स्थितियों के अनुसार घर-घर पेयजल उपलब्ध कराने के लिए अलग-अलग परियोजनाएं तैयार की है। योजना के तहत स्वीकृत 380 गांवों में 749 परियोजनाओं की स्वीकृति प्रदान की है। आबादी एवं भौगोलिक स्थिति के अनुसार कहीं 4 तो कहीं तीन परियोजनाओं का निर्माण किया जा रहा है वहीं विद्युत विहीन वन क्षेत्र के गांवों में सोलर पंप से पेयजल आपूर्ति करने की व्यवस्था की गई है। योजना अंतर्गत शेष 749 परियोजनाओं में से 495 का निर्माण पूरा हो गया है तथा इसे प्रारम्भ करने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इन परियोजनाओं के मार्च महीने में प्रारम्भ करने की तैयारी है। शत-प्रतिशत योजनाओं को पूरा करने को लेकर शासन भी गंभीर है तथा वरिष्ठ अधिकारी नियमित योजनाओं के प्रगति की जानकारी ले रहे है। शासन की सख्ती से विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी अलर्ट हैं तथा दिन-रात मेहनत कर रहे हैं।

#### पूरी करनी होती है प्रक्रिया

परियोजना का निर्माण पूरा करने के बाद विभाग इसे चालू कर घर-घर पानी पहुंचने की जांच करता है। पेयजल आपूर्ति में कोई समस्या आने पर उसके निराकरण उपरांत दोबारा जांच की जाती है। इसके बाद ग्राम पंचायत की आमसभा की बैठक होती है। बैठक में गांव का हर व्यक्ति अपने घर शुद्ध पेयजल पहुंचने की पुष्टि हाथ उठाकर करता है तब परियोजना ग्राम पंचायत के हवाले की जाती है। पूर्व में इन परियोजनाओं के संधारण एवं संचालन की नीति नहीं बनने के कारण ग्राम पंचायतें केवल पेयजल आपूर्ति की जिम्मेदारी लेती थीं।

#### ग्राम पंचायतें करेगी संधारण

पूर्व में परियोजनाओं के संचालन एवं संधारण की नीति नहीं बनाई गई थी जिससे ग्राम पंचायतें परियोजना के संधारण की जिम्मेदारी नहीं लेती थी तथा इसके लिए पूरी तरह से विभाग पर निर्भर थीं। हाल ही में शासन ने परियोजना के संचालन एवं संधारण की नीति बनाई है जिसके तहत ग्राम पंचायतें ग्रामीणों से हर महीने यूजर चार्ज वसूलेंगी तथा परियोजना के संचालन एवं संधारण की पूरी जिम्मेदारी संभालेगी। परियोजना के तहत लगे मोटर जलने के कारण 3 गांवों में पेयजल की आपूर्ति ठप पड़ी है। इसके लिए न तो विभाग के पास ही राशि उपलब्ध है न ही ग्राम पंचायतों के पास। विभाग ने संबंधित ठेकेदारों को मोटर दुरुस्त कराने निर्देशित किया है। शासन द्वारा हर दिन प्रति व्यक्ति 55 लीटर पानी उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। परियोजना के संचालन के लिए ग्राम पंचायतें अब टेक्नीशियन नियुक्त करने के साथ ही परियोजना की पूरी जिम्मेदारी संभालेंगी तथा नियमित विद्युत बिल भुगतान सहित संचालन एवं संधारण की संपूर्ण जिम्मेदारी संभालेगी। पंचायत 60 रूपए से 100 रूपए महीने तक हर परिवार से यूजर चार्ज वसूलेगी।

#### चल रहा निर्माण

380 ग्राम पंचायतों के लिए स्वीकृत 749 परियोजनाओं में से 495 का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। परियोजनाओं को प्रारम्भ करने की औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। मार्च तक 100 गांवों में घर-घर पेयजल आपूर्ति करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

-एस के सिन्हा, ईई, पीएचई



निरीक्षण करते अधिकारी।

## फूली डूमर घाट, रजखेता मोड़, खरहरा नाला में ब्लैक स्पॉट का किया गया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु आवश्यक सुधारों को लेकर संयुक्त टीम ने वाड्रफनगर क्षेत्र के दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान ब्लैक स्पॉट्स में कई सुधारों को लेकर अधिकारियों ने सुझाव दिए है। इन सुझावों के आधार पर प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाएगा।

- कमियों को दूर करने दिए गए सुझाव

बता दें कि एसपी वैभव बैंकर ने वर्ष 2024 में सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों को देखते हुए इस वर्ष सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए अति दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों का चिनांकन कर आवश्यक पहल के निर्देश दिए थे। एसपी के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस, परिवहन, एनएच, पीडब्लूडी एवं प्रशासन द्वारा ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन किया जा रहा है। 9 मार्च को टीम द्वारा वाड्रफनगर क्षेत्र अंतर्गत अति दुर्घटना जन्य क्षेत्र जैसे फूली डूमर घाट रजखेता मोड, खरहरा नाला, प्रेम नगर मोड़ जैसी दुर्घटना क्षेत्र का निरीक्षण किया गया एवं निरीक्षण के दौरान आवश्यक कर्मियों का पता लगाया गया। निरीक्षण के दौरान फुली डोमार घाट में सड़क किनारे रेलिंग की आवश्यकता, सड़क को काटकर सीधा करने की आवश्यकता, संकेतक चिन्ह लगवाने की आवश्यकता, हाई मास्क ब्लिंकर और सड़क किनारे कंक्रीट भरवाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इसके अलावा राजखेता मोड में सड़क किनारे मिट्टी डलवाने की आवश्यकता बताई गई साथ ही पेड़ों पर रेडियम स्टीकर लगाने रंबल स्ट्रिप की आवश्यकता और सड़कों के किनारे पर कंक्रीट का भराव करने निर्देशित किया गया। प्रेम नगर मोड में समस्त यातायात संकेत लगे होने के कारण भी सड़क दुर्घटनाएं बड़ी हैं जिसमें रोड मार्किंग करने की आवश्यकता को बताया गया। जमाई मोड़ के पास पेड़ को हटाने की अनिवार्यता पर जोर दिया गया है।

इस प्रकार सभी स्थानों का निरीक्षण कर सड़क दुर्घटनाओं के कारणों का पता लगाने एवं रोकथाम हेतु उचित सुधार संबंधित कार्यवाही करने संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है। निरीक्षण में एसडीएम वाड्रफनगर नीर निधि, एनएच एसडीओ, परिवहन विभाग की टीम एवं पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी तथा यातायात पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर की 16 स्कूल बसों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर



वाड्रफनगर अनुभाग के अंतर्गत संचालित स्कूल बसों का पुलिस, परिवहन व प्रशासनिक टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान टीम ने 16 स्कूली बसों की जांच कर कमियों को दूर करने के निर्देश दिए गए।

बताया जा रहा है कि सोमवार को एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर एएसपी विश्वदीपक त्रिपाठी के नेतृत्व में यातायात पुलिस, परिवहन विभाग व जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने वाड्रफनगर अनुभाग के अंतर्गत संचालित स्कूलों के बसों की जांच का अभियान चलाया गया। वाड्रफनगर स्वामी आत्मानंद शासकीय हाई स्कूल मैदान परिसर में आयोजित शिविर के दौरान क्षेत्र में संचालित 16 स्कूल बसों की जांच की गई। जांच के दौरान वाहन में रखे जाने वाले फस्ट-एड-बॉक्स एवं अग्निशमन उपकरणों की जांच की गई। स्कूल बसों में सीसीटीव्ही कैमरे लगाने एवं चालक परिचालकों का नाम, मोबाइल नंबर सहित बस में अंकित करने समझाईस दी गई। साथ ही चालकों को निर्धारित गणवेष धारण कर वाहन चलाने, वाहन संबंधी सभी दस्तावेज को अपने पास रखने, चालक को अपना आधरकार्ड अथव पहचान पत्र साथ रखने, शराब या अन्य मादक पदार्थ का सेवन कर वाहन नही चलाने तथा यातायात के नियमों एवं संकेतो का पूर्ण रूप से पालन करने हेतु निर्देश दिया गया। वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करने, बस स्टोपेज में बस खड़ी कर बच्चों कों उतारने एवं रोड़ क्रास करने के बारे में परिचालक को समझाईश दी गई। लापरवाही पूर्व वाहन चलाने की सूचना हेतु संस्था प्रभारी का मोबाइल नम्बर बस में बड़े-बड़े अक्षरो में अंकित करने को कहा गया है।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई को राजनीतिक रंग दे रही कांग्रेस : भारत सिंह

**अम्बिकापुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने छत्तीसगढ़ में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ की गई कार्रवाई के बाद कांग्रेस नेताओं द्वारा लगाए गए आरोप को निराधार और भ्रामक बताया है। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री अमरजीत भगत और पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने इसे लोकतंत्र पर हमला करार दिया है, लेकिन सच्चाई यह है कि यह कार्रवाई भ्रष्टाचार के खिलाफ एक आवश्यक कदम है। भाजपा सरकार भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने के लिए प्रतिबद्ध है। जो लोग कानून तोड़ेंगे, वे चाहे किसी भी पद पर हो या किसी भी दल के हों, उन पर कार्रवाई अवश्य होगी।



उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के दौरान बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। भूपेश सरकार में रेत खनन घोटाला, कोयला घोटाला, शराब घोटाला, पीएससी घोटाला सहित कई अन्य वित्तीय अनियमितताएं आमने आई। अब जब इन मामलों की निष्पक्ष जांच हो रही है, तो कांग्रेस इसे लोकतंत्र पर हमला बताने की कोशिश कर रही है, जबकि छत्तीसगढ़ की जनता द्वारा भाजपा को सत्ता की चाभी इन्ही घोटालों की जांच कराने एवं दोषियों पर कार्रवाई के लिए दिया है। भाजपा सरकार स्पष्ट कर चुकी है कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। कोई दोषी नहीं है, तो उसे जांच से डरने की भी जरूरत नहीं है। जब कांग्रेस नेताओं को जांच एजेंसियों की नोटिस मिलती हैं तो वे इसे विपक्ष की आवाज दबाने का बहाना बना लेते हैं। टीएस सिंहदेव एवं अमरजीत भगत का ईडी की कार्रवाई को लोकतंत्र की हत्या कहना हास्यास्पद है। लोकतंत्र का मतलब यह नहीं है कि किसी को भी भ्रष्टाचार करने की खुली छूट मिल जाए। भाजपा सरकार कानून के दायरे में रहकर काम कर रही है और भ्रष्टाचार के मामलों की जांच को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री और पूरी सरकार इस दिशा में पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अमरजीत भगत और टीएस सिंहदेव के बयान केवल कांग्रेस की बौखलाहट को दिखाते हैं। अगर भूपेश बघेल निर्दोष है, तो उन्हें जांच प्रक्रिया में सहयोग करना चाहिए, न कि इसे लोकतंत्र पर हमला बताकर जनता को गुमराह करना चाहिए।

### ईडी कर रही भाजपा के बी टीम के रूप में काम

**अंबिकापुर।** नगर निगम के पूर्व पार्षद व कांग्रेस नेता दीपक मिश्रा ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल के यहां ईडी के छापे को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ईडी भाजपा के बी टीम के रूप में काम कर रही है। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विरुद्ध की गई कार्रवाई दुर्भावनापूर्वक है। पूरे देश में जो भाजपा का विरोध करता है उस नेता या पार्टी के पीछे ईडी को लगा दिया जाता है। पूर्व मुख्यमंत्री के यहां मंतूराम पवार से संबंधित जो पेन ड्राइव मिला है या पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के पुत्र अभिषेक सिंह के घोटाले की जो दस्तावेज मिले हैं ईडी को उसकी भी जांच करनी चाहिए तब जाकर लोगों को यह लगेगा की ईडी निष्पक्ष कार्रवाई कर रही है। भाजपा की केंद्र में सरकार है और पिछले 10 वर्षों में कभी किसी भाजपा के नेताओं के यहां या फिर उनके सहयोगी दलों के यहां या फिर उनके व्यापारी मित्रों के यहां कभी कार्रवाई नहीं होती इससे यह प्रदर्शित होता है कि यह कार्रवाई विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए की गई है।



### अंशिका बनी मिस स्टार फेस ऑफ छत्तीसगढ़

**अम्बिकापुर।** ब्यूटी एकेडेमी द्वारा आयोजित मिस छत्तीसगढ़ रनन अप के बाद स्टार फेस ऑफ छत्तीसगढ़ का आयोजन 28 फरवरी को बिलासपुर में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में मिस छत्तीसगढ़ रनर अप शहर की अंशिका सिंह मिस स्टार फेस ऑफ छत्तीसगढ़ चुनी गई। अंशिका सिंह के मिस स्टार फेस ऑफ छत्तीसगढ़ चुने जाने पर शहर के लोगों में हर्ष व्याप्त है।



### ईडी की जबरन कार्रवाई को लेकर कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**सूरजपुर।** भाजपा सरकार के तानाशाही रवैये एवं सीबीआई एवं ईडी जैसे सरकारी तंत्र का उपयोग कर विपक्ष का आवाज दबाने एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर जबरन ईडी की कार्रवाई के विरोध में आज जिला कांग्रेस अध्यक्ष भगवती राजवाड़े के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय से पदयात्रा करते हुए अग्रसेन चौक के समीप कांग्रेसियों ने भाजपा और ईडी का विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान नरेश राजवाड़े, अश्विनी सिंह, कुसुमलता राजवाड़े, मनोज डालमिया, इस्माइल ख़ान, जफर हैदर, मनोज अग्रवाल, रामचन्द्र यादव, विष्णु कसेरा, आकाश साहू, अविनाश यादव, शरद सिंह, नीरज तायल, हेमलता राजवाड़े, लक्ष्मण राजवाड़े, किरण सिंह, भावना सिंह, रामकिशुन सिंह, आशीष सिंह, शिवम साहू, विनोद, दानिश, रब्बानी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## एसएसपी ने ली पुलिस अधिकारियों की बैठक, प्रभारियों को दिए लंबित प्रकरणों के निराकरण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



लंबित मामलों के निराकरण में तेजी लाने, अपराधों की विवेचना में पुख्ता साक्ष्य संकलन, यातायात नियमों के बारे में लोगों को जागरूक करने, ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई, दुर्घटना जनित स्थानों पर सुरक्षात्मक उपाय करने एवं सूखा नशा और अवैध कार्यो पर प्रभावी रोक लगाने को लेकर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने जिले के पुलिस अधिकारियों, थाना-चौकी प्रभारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने थाना-चौकी प्रभारियों को कड़े शब्दों में कहा कि किसी मामले के पीड़ति की पीड़ा को समझे और उसे न्याय दिलाने के लिए विवेचना में पुख्ता साक्ष्य संकलन कर मामला जल्द न्यायालय में पेश करें। अवैध कारोबार पर सख्ती बरते, कहीं से भी अवैध कारोबार की सूचना मिलती है तो उस पर त्वरित कार्रवाई की जाए। साथ ही इनमें संलिप्तों के विरूद्ध कडी कार्रवाई करें।

असामाजिक तत्वों पर सख्ती से एक्शन लेने, नाकेबंदी पॉइंट्स को स्ट्रांग करने, विजिबल पुलिसिंग करने, क्षेत्र में आसूचना संकलन मजबूत कर जानकारी हासिल करने एवं अनसुलझे व लंबित मामलों की समीक्षा कर आरोपियों की गिरफ्तारी कर जल्द निकाल करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कोटपा के तहत किए गए कार्रवाई की समीक्षा कर कार्रवाई में बढ़ोत्तरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क दुर्घटना रोकने की दिशा में नेशनल हाईवे एवं अन्य मार्गो के समीप स्थित स्कूल, कालेजों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर वाहनों की स्पीड कम करने के उपाए कराने, दुर्घटनाजनित स्थानों पर संकेतक बोर्ड और रेडियम लगवाने के निर्देश दिए। साथ ही बिना हेलमेट व शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### ईडी की कार्रवाई सरकार की राजनीतिक प्रतिशोध की मंशा

**अंबिकापुर।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के यहां ईडी की रेड को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्प संख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव परवेज आलम गांधी ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने विज्ञप्ति जारी कर रहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के यहां ईडी का छापा स्पष्ट रूप से केंद्र सरकार की राजनीतिक प्रतिशोध की मंशा को उजागर करता है। भाजपा ईडी, सीबीआई जैसी एजेंसियों को विपक्ष के नेताओं को डराने और दबाने के लिए इस्तेमाल कर रही है और एजेंसियों का दुरुपयोग अब एक सुनियोजित ढर्रा बन चुका है। लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज को कुचलने और धमकाने वाली राजनीति अब एक पैटर्न बन गई है जो लोकतंत्र के लिए भी खतरा साबित हो रही है। कांग्रेसजन इससे डरने वाले नहीं हैं और न्याय की लड़ाई के लिए हर संघर्ष स्वीकार है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)

रामेश्वरम् धाम यात्रा

06 मई से 15 मई, 20 मई से 29 मई, 03 जून से 12 जून 2025 (10 दिन)

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)

11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क

राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411